## न्यायालय जिला कलक्टर,बाड़मेर

## पीठासीन अधिकारी–श्री शिवप्रसाद एम.नकाते आई.ए.एस.

निगरानी संख्या 74/2012

| प्रार्थी | बनाम् | अप्रार्थीगण |
|---|---|---|
| 1.गोमाराम पुत्र शंकरराम जाति मेघवाल निवासी चौहटन<br>2.सवाईराम पुत्र नगाराम जाति दर्जी निवासी चौहटन<br>3.हरिसिंह पुत्र भूरसिंह जाति राजपूत निवासी चौहटन<br>4.प्रागसिंह पुत्र नारायणसिंह जाति राजपूत निवासी चौहटन तहसील चौहटन | | 1.ग्राम पंचायत चौहटन जरिये सरपंच ग्राम पंचायत चौहटन<br>2.श्रीमती झीमादेवी पत्नि बाबुलाल जाति जाट निवासी चौहटन तहसील चौहटन |

जिला कलक्टर बाड़मेर (राज.) सत्यमेव जयते

निगरानी अन्तर्गत धारा 97 राजस्थान पंचायती राज अधिनियम,1994 निरस्त करने पट्टा संख्या 2764 दिनांक 12.12.2009 जो ग्राम पंचायत चौहटन द्वारा अप्राथीर्नी झीमादेवी के नाम जारी किया गया।

उपस्थितः–1.श्री प्रेमाराम सोनी एंव श्री सुनील के मेराजा अधिवक्ता प्रार्थीगण की ओर से।
2.श्री रमेश सोलंकी अधिवक्ता अप्रार्थीनी संख्या 02 की ओर से
3.अप्रार्थी संख्या 01 के अधिवक्ता अनुपस्थित।

### निर्णय

दिनांक 21.03.2018

1. प्रार्थीगण ने यह निगरानी ग्राम पंचायत चौहटन द्वारा अप्रार्थीनी संख्या 02 के पक्ष में जारी आवासीय भूखण्ड का पट्टा संख्या 2764 दिनांक 12.12.2009 को निरस्त करने हेतु धारा 97 राजस्थान पंचायती राज अधिनियम,1994 के तहत हमारे समक्ष पेश की है।
2. संक्षेप में प्रार्थीगण की निगरानी के तथ्य इस प्रकार है कि अप्रार्थीनी संख्या 02 झीमादेवी पत्नि बाबुलाल जाति जाट निवासी चौहटन ने सरपंच ग्राम पंचायत चौहटन के समक्ष एक आवेदन पत्र पेश कर,ग्राम पंचायत चौहटन के प्रताप नगर की आबादी भूमि में आवासीय भूखण्ड का विक्रय विलेख आवंटन करने हेतु निवेदन किया। इस पर ग्राम पंचायत ने पत्रावली कायम कर, अप्राथीनी संख्या 02 के पक्ष में नियम 158(2)(ग) के तहत पट्टा जारी कर दिया। प्रार्थीगण का यह कथन है कि अप्रार्थीनी संख्या 02 के पास ग्राम चौहटन में मोहल्ला बाकंलसरा बस्ती में रहवासी मकान है, जो कि कब्जा सुदा होने से अप्रार्थीनी के पति बाबुलाल के नाम ग्राम पंचायत चौहटन ने मकान बनाने की ईजाजत दी है जिसमें वह अपनी परिवार सहित निवास करती है। ग्राम चौहटन में रहवासी मकान होने से उसे

जिला कलेक्टर
बाड़मेर

